समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# *दो दिनों में 235 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया पंहूचा*

## *कचरा संग्रहण वाहनों ने 2 दिनों में लगाई 331 ट्रीप*

रतलाम 23 मार्च । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों क माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 22 व 23 मार्च को 235 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

22 व 23 मार्च को डम्पर से 69610 किलो, ट्रेक्टर से 32790 किलो, मैजिक सूखा कचरा 79815 किलो, मैजिक गीला कचरा 53175 किलो, सेनेटरी वेस्ट 11.4 किलो व घरेलू हानिकारक कचरा 11 किलो इस तरह कुल 235390 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

# नगर निगम के विभिन्न करों से 14.60 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम 23 मार्च । संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 23 मार्च बुधवार को कुल राशि रूपये 14,60,117/– का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 23 मार्च बुधवार को संपत्तिकर कार्यालय से 621593, वसूली दल 313526 कुल 935119, जलकर कार्यालय से 181115, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 8627 व वसूली दल 264319 कुल 272946 लीजरेंट 68937, स्पॉट फाईन 2000 इस तरह कुल राशि रूपये 14,60,117/– का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

# *4 से कम ट्रीप लगाने वाले 3 ड्रायवर व 4 हैल्परों का वेतन काटा*

## *सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना–पत्र जारी*

रतलाम 23 मार्च । कचरा संग्रहण वाहनों से 23 मार्च मंगलवार को वार्डो में 5–5 टोप लगाये जाने के निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देश के बाद भी कचरा संग्रहण वाहनों के 3 ड्रायवर व 4 हैल्परों द्वारा निर्देशानुसार कार्य नहीं किये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

आदेश की अवहेलना करने पर कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर वनपाल सिंह, चत्तर सिंह व पृथ्वीराज, हैल्पर लखन–सुभाष, अभिषेक–विनोद, कमल–सुल्तान व हिम्मत–किशोर का आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

# 14 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

